bajaj CONSUMER CARE

August 3, 2022

| | |
|---|---|
| DCS-CRD<br>BSE Limited<br>First Floor, New Trade Wing<br>Rotunda Building,<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street, Fort, Mumbai 400 023<br>**Stock Code: 533229** | Listing Compliance<br>National Stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange Plaza, 5th Floor<br>Plot No. C/1, 'G' Block<br>Bandra- Kurla Complex<br>Bandra East, Mumbai 400 051<br>**Stock Code: BAJAJCON** |

Dear Sir/Madam,

**Sub: News Paper Publication of Extracts of Consolidated Unaudited Audited Financial Results for the quarter ended June 30, 2022**

Pursuant to the Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith copies each of Economic Times (English Daily) and Jai Rajasthan (Hindi Daily) both dated August 3, 2022, for publication of extracts of Consolidated Unaudited Audited Financial Results for the quarter ended June 30, 2022.

The same may please be taken on record and suitably disseminated to all concerned.

Thanking you,

Yours Sincerely,
**For Bajaj Consumer Care Limited**

**Vivek Mishra**
**Head-Legal & Company Secretary**
Membership No.: A21901

Encl: as above

# आज का चित्र




## शक्तिनगर व्यापार मंडल ने किया कावड़ यात्रा का स्वागत



उदयपुर, 2 अगस्त। शक्तिनगर व्यापार मंडल व शिव भक्तों द्वारा कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया। शक्तिनगर व्यापार मण्डल व शिव भक्तों द्वारा मंगलवार को उदयपुर शहर से निकलने वाली आयड गंगू से उबेश्वर जाने वाली कावड़ यात्रा का शक्ति नगर के लिबर्टी पेन्टस के बाहर स्वागत किया गया।

## यूएस एड मोमेंटम रुटीन इम्यूनाइजेशन प्रोजेक्ट के तहत कोविड-19 कैंप



उदयपुर, 2 अगस्त। बार एसोसिएशन उदयपुर एवम् चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग उदयपुर के सयुक्त तत्वावधान में यूएस एड मोमेंटम रुटीन इम्यूनाइजेशन प्रोजेक्ट के तहत कोविड -19 कैंप बार एसोसिएशन टीवी हॉल में आयोजन में किया गया। जिसके तहत 125 वक्तियो को कॉविड शील्ड एवम् कोक्सिन की डोज लगाई गई। उक्त आयोजन को सफल बनाने में जतन एनजीओ से हरीश शर्मा, राजेंद्र जी, शिल्पा वेष्णव,निशा जैन वेक्सीनेटर के साथ बार एसोसिएशन उदयपुर के अध्यक्ष गिरिजा शंकर मेहता उपाध्यक्ष दिलीप कुमार बापना, सचिव अजय आचार्य वित्त सचिव डॉ. सैयद रिजवान रिजवी पुस्तकालय सचिव पंकज जैन आदि।

## डॉ.विवेक कटारा ने किया कावड़ यात्रा का स्वागत



उदयपुर, 2 अगस्त। आयड़ स्थित गंगू कुंड से उबेश्वर महादेव जी के अभिषेक को निकली कावड़ यात्रा का स्वागत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य डॉ विवेक कटारा के सानिध्य में धर्मप्रेमीयो रामपुरा चौराहे पर पुष्प वर्षा के साथ किया।

### हर्षोल्लास के साथ निकाली 17वीं कावड़ यात्रा

# भोलेनाथ के जयकारों से गुंजा पूरा शहर



## शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई पहुंची उभयेश्वर महादेव धाम, पुष्प वर्षा से हुआ कावड़ यात्रा का स्वागत

# 08 हजार कावड़ियों ने किया उभयेश्वर महादेव का अभिषेक

### कावड कम पडने से कावडिये हुए निराश, 7 पवित्र नदियों के जल से किया महादेव का अभिषेक, कावड यात्रा में महिलाओं की रही अधिक भागीदारी...

उदयपुर, 2 अगस्त। देश में सुख शांति एवं अच्छी वर्षा की कामना को लेकर शिव महोत्सव समिति के 51 कार्यकर्ताओं के साथ 2006 में शुरू की गई कावड यात्रा ने आज अपना विराट स्वरूप ले लिया है। समिति की ओर से मंगलवार को 17वीं कावड़ यात्रा निकाली गई। भारी पुलिस जाब्ते के बीच हजारों की संख्यों में महिला, पुरूष ने 4500 वर्ष पुराने गंगा के चैथे पाये गंगु कुंड से पानी भर शहर के विभिन्न मार्गो से होती 21 किलोमीटर पैदल चल उभयेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहॉ महादेव का अभिषेक किया। अध्यक्ष यज्ञ नारायण शर्मा ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ तांबे के कलश में भरे सात नदियों के पवित्र जल की मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक फुल सिंह मीणा, जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रामाली, पूर्व अध्यक्ष दिनेश भटट्, अरावली हास्पीटल के डॉ. आनंद गुप्ता, प्रेम सिंह शक्तावत, कमलेन्द्र सिंह पंवर, मनोहर चैधरी, महेश भावसार, बार महामंत्री भूपेन्द्र सिंह, गिरिश शर्मा, रामकृपा शर्मा, जगत नागदा, सुरेश रावत, गोपाल रावत, घनश्याम सोलंकी, डॉ. ओम साहू, पुरूषोतम पारासर, ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर



शुभ मुहूर्त में कावड़ यात्रा को रवाना की। पूरे रास्ते कावड़िये महादेव के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पूरे रास्ते कावड़ यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। रास्ते सामाजिक एवं राजनीति संगठनों ने स्वागत द्वार लगवाये।

**पूरे रास्ते पवित्र जल का किया पूजनः-** कावड़ यात्रा में खुली जीप क आगे तांबे बडे कलश में जल गंगोत्री, जमनोत्री, माना बोर्डर, सरस्वती, कैलाश मानसरोवर, भागीरथ नदी, मंदाकिनी के जल को भर कर रखा गया जिसका पुरे रास्ते भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की।

**प्रतिपक्ष नेता कटारिया ने किया महादेव का अभिषेकः-** संयोजक रामकृपा ने बताया कि कावड़ियों के उभयेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने पर प्रतिपक्ष नेता गुलाब चंद कटारिया ने स्वागत किया और महादेव का अभिषेक किया।

**भारी पुलिस जाब्ते के बीच निकली कावड यात्रा :** किसी प्रकार कोई अनहोनी न हो इसके लिए प्रशासन पुरी तरह मुस्तेदी के साथ कावड़ यात्रा में लगा रहा। यात्रा के आगे पुलिस गाड़ी, घोडे व उसके पीछे मोटर बाईक महिला पुलिस कर्मी, उसके पीछे पुलिस पैदल कावडियों के साथ चल रही थी। कावड यात्रा के आगे व पिछे पुलिस का जाब्ता पैदल चल रहा था। मिडिया प्रभारी कृष्णकांत कुमावत ने बताया कि कावडिये सुबह 06 बजे से ही अपने अपने वाहनो से गंगु कुण्ड परिसर में आना शुरू हो गये थे जहॉ गंगु विकास समिति के अध्यक्ष महेश भावसार व उनके कार्यकर्ताओं ने कावडियो के लिए चाय व नाश्ते की व्यवस्था की गई। यात्रा संयोजक रामकृपा शर्मा ने बताया कि इस बार 08 हजार कावड तैयार की गई थी लेकिन वे भी इस बार कम पड कई और कई कावडिये जो लैट आये उन्हे निराशा हुई और वे बिना कावड के ही पूरे रास्ते पैदल चले और उभयेश्वर महादेव मंदिर में इनके लिए पवित्र जल की व्यवस्था की गई जिससे उन्होने महादेव का अभिषेक किया। यात्रा के आगे दो पहिया वाहनो में उभयेश्वर सत्संग मंडल व महादेव धर्मोत्सव समिति अध्यक्ष मानसिंह हाडा की टीम ने पूरी यात्रा की कमान संभाल रहे थे। पूरे रास्ते कावडियें उत्साह के साथ नाचते गाते चल रहे थे।


# डोरे नगर में श्री श्याम झूलोत्सव की तैयारी जोर शोर से

## दस दिन से कोलकाता के कारीगर दे रहे मूर्त रूप, बनारस के लहरिया से श्रृंगार होगा



उदयपुर, 2 अगस्त। श्री श्याम भक्त मण्डल ट्रस्ट की ओर से कोरोना के दो वर्ष बाद सावन माह मे छ अगस्त शनिवार को आयोजित झूलोत्सव की तैयारी वृहद स्तर पर जोर शोर से चल रही है। शशिकांत खेतान ने बताया कि इस वर्ष पूरे हाल व पाण्डाल को एकदम नये रूप मे कायाकल्प कर सजाया जा रहा है।रंग रोगन के पश्चात गत दस दिनो से कोलकाता के बप्पी दा व अजीत दा के नेतृत्व मे दस सदस्यीय दल रात दिन तैयारी मे जुटे है। बप्पी दा के अनुसार राधाकृष्ण एंव शंकर भगवान की मूर्ति की विशेष मीट्टी भी पवित्र गंगाघाट से तथा श्रृंगार का भी पूरा सामान कोलकता से लाकर मूर्त रूप दे रहे है। विशाल दस पिलर खम्भे बन गये है,जिन पर पूरा दरबार सुसज्जित किया जा रहा है।विशेष बात यह है कि पूरे दरबार को लकडी प्लाइवुड के ठोस ढाँचे से बनाकर कपडे के ऊपर प्राकृतिक रंगों से ही पेटिंग कर रगं बिरंगे बनाये जा रहे है।

# चमकते सितारे




## ज़रूरतमन्द बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा विद्या दान अभियान

### 125 ज़रूरतमंद बच्चों को पाठ्यसामग्री वितरित



उदयपुर, 2 अगस्त। मुस्कान फाउंडेशन के विद्या दान अभियान के तहत मुस्कान फाउंडेशन के अध्यक्ष दीपक जोशी एवं विद्या दान अभियान के जिला संयोजक उदयपुर उर्मिला चौबीसा के नेतृत्व में मंगलवार को मुस्कान फाउंडेशन की विशेष टीम द्वारा 125 ज़रूरतमंद बच्चों को पाठ्यसामग्री वितरित की गयी। जिला संयोजक उर्मिला चौबीसा ने बताया कि हम विद्या दान अभियान के ज़रिए ज़रूरतमंद बच्चों तक पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवा रहे है। हमारा उद्देश्य है कि कोई बच्चा आर्थिक संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित नहीं रहें।

## जहां वाणी का संयम होता है वहाँ विचार संयमित हो जाते हैं: आदर्शरत्न सागर

उदयपुर, 2 अगस्त। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक श्रीसंघ के तत्वावधान में मालदास स्ट्रीट स्थित आराधना भवन में चातुर्मास कर रहे आदर्शरत्न सागर ने मंगलवार को धर्मसभा में कहा कि जहां अहिंसा, संयम और तप होता है धर्म भी वहीं होता है। हम सर्वप्रथम अपनी जीभ के बारे में विचार करें। जीभ पर संयम रखने से जहाँ रस का संयम तो होता ही है वहीं वाणी भी संयमित हो जाती है। जहां वाणी का संयम होता है वहाँ विचार संयमित हो जाते हैं। यदि विचार पर हम कन्ट्रोल कर लें तो हमारी इच्छायें हमारे वश में रहेंगीं अन्यथा शुभ इच्छाओं और अशुभ इच्छाओं का अन्तर्द्वन्द हमारी मानसिक अशान्ति का कारण बना रहेगा। जब भी द्वंद की स्थिति होती है हम दूसरे पक्ष को समझाने की स्थिति में ही रहते हैं, हम स्वयं को कब समझेगें? हमारी वृत्ति ही हमें दुःखी रखती है। अपने ध्यान में रोज चेक करें कहीं आज हमने हमारे शब्दों से कहीं कोई हिंसा तो नहीं की है। क्या हमारी वाणी हितकर, मीत (जितनी जरूरत उतनी ही) और कल्याणकारी है? स्वर्ग और नर्क हमारे भीतर ही है , बाहर खोजने की आवश्यकता नहीं है। मानसिक वाणी के कारण आत्मा को दुःख न पहुँचें इतनी जागृति अवश्य रहनी चाहिये।

# जैसा कर्म करोगे वैसा ही प्राप्त होगा: मुनि श्रद्धानंद



### पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक गुरुवार 4 अगस्त को

उदयपुर 2 अगस्त। केशवनगर स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य वसुनंदी महाराज के शिष्य श्रद्धानंद महाराज एवं पवित्रा नंद महाराज संघ के सानिध्य में चार माह का वर्षावास का आयोजन धूमधाम से आयोजित हो रहा है। प्रातः 7 बजे मूलनायक आदिनाथ भगवान पर रजत कलश से शांतिधारा की गई। श्रावक-श्राविकाओं द्वारा नित्य नियम पूजन, अभिषेक के साथ शांतिधारा की गई। चातुर्मास सेवा समिति के अध्यक्ष कुंथुकुमार गणपतोत ने बताया के प्रतिदिन प्रातः 8 से 9.30 तक रत्नाकर श्रावकाचार का मुनिश्री द्वारा अध्ययन कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर 4 अगस्त गुरुवार को भगवान पर निर्वाण लड्डू चढ़ाये जाएंगे।

## रीको का एमनेस्टी स्कीम शिविर आज

उदयपुर, 2 अगस्त। उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा रीको लिमिटेड, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार, दिनांक 3 अगस्त 2022 को प्रातः 11 बजे से यूसीसीआई भवन के पायरोटेक टेम्पसन्स सभागार में एमनेस्टी स्कीम शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर में राज्य सरकार द्वारा रीको के माध्यम से दी जाने वाली समस्त छूटों, सुविधाओं एवं एमनेस्टी स्कीम की जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

bajaj CONSUMER CARE

**Bajaj Consumer Care Limited**
CIN: L01110RJ2006PLC047173
Regd. Office : Old Station Road, Sevashram Chouraha, Udaipur 313 001, Rajasthan
Phone: 0294-2561631-32 ● Website: www.bajajconsumercare.com
Email: complianceofficer@bajajconsumer.com

**Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the quarter ended June 30, 2022**

(₹ In Lakh)

| Particulars | Quarter ended | | | Year ended |
|---|---|---|---|---|
| | June 30, 2022 Unaudited | March 31, 2022 Audited^ | June 30, 2021 Unaudited | March 31, 2022 Audited |
| Total Income from operations (net) | 24,944.08 | 21,824.37 | 21,671.78 | 87,995.74 |
| Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)* | 4,093.24 | 4,391.74 | 5,922.18 | 20,647.51 |
| Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)* | 3,389.27 | 3,582.13 | 4,890.28 | 16,963.50 |
| Total Comprehensive Income (net of tax) | 3,372.86 | 3,554.87 | 4,881.93 | 16,973.58 |
| Equity Share Capital | 1,475.40 | 1,475.40 | 1,475.40 | 1,475.40 |
| Earnings Per Share (of ₹ 1/- each) (Not annualised) | | | | |
| Basic : | 2.30 | 2.43 | 3.31 | 11.50 |
| Diluted: | 2.30 | 2.43 | 3.31 | 11.49 |

* there is no Exceptional and/or Extraordinary items.

**The key numbers of standalone unaudited results of the company are as under:** (₹ In Lakh)

| Particulars | Quarter ended | | | Year ended |
|---|---|---|---|---|
| | June 30, 2022 Unaudited | March 31, 2022 Audited^ | June 30, 2021 Unaudited | March 31, 2022 Audited |
| (a) Total income from operations (net) | 24,673.53 | 21,934.21 | 21,529.41 | 87,837.40 |
| (b) Profit Before Tax | 4,044.25 | 4,649.72 | 5,921.92 | 21,148.99 |
| (c) Profit After Tax | 3,337.64 | 3,837.32 | 4,887.24 | 17,453.84 |

^ The figures of the quarter ended 31st March 2022 are the balancing figures between audited figures in respect of full financial year and unaudited published year to date figures upto third quarter of the respective financial year.

**Note:**
a) The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on Aug 01, 2022. The statutory auditors have carried out a limited review of the above results.
b) The above is an extract of detailed format of Quarterly Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange where shares of the Company are listed i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com and also on the website of the Company i.e. www.bajajconsumercare.com.

**For Bajaj Consumer Care Limited**
Sd/-
**Jaideep Nandi**
**Managing Director**
**DIN : 06938480**

**Place : Mumbai**
**Date : 01.08.2022**

bajaj GROUP THINK TOMORROW

# जीवन विज्ञान शिविर सम्पन्न



उदयपुर। युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण के आज्ञानुवर्ति शासनश्री मुनि सुरेशकुमार के सहवर्ती मुनि संबोधकुमार 'मेधांश' के निर्देशन में तेरापंथ भवन नाइयों की तलाई में जैन विश्व भारती लाडनू यूनिवर्सिटी उदयपुर केंद्र के 15 दिवसीय जीवन विज्ञान शिविर का समापन सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ। मुनि संबोधकुमार ने कहा कि परीक्षाएँ खत्म हुई अब जिंदगी की परीक्षा शुरू होगी। जैन विश्व भारती ने हमें हमारी पहचान दी, इसे वापस लौटाने का वक्त है। हमारी शपथ हो कि जिंदगी में हम एक योग गुरु का निर्माण करेंगे। मुनिश्री ने कहा सिर्फ साँसों का आना जाना जिंदगी नही है उसे एक उद्देश्य दें। उद्देश्य के बिना जिंदगी बेमानी है ।

तेरापंथ सभा मंत्री विनोद कच्छारा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक आर. के. जैन ने कहा जीवन जीव और वन शब्द से मिलकर बना है। इस दुनिया में जीव और जीवन जरूरी है। इस शिविर में जीवन जीने की कला का जो प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है उसे अपने जीवन में जीवंत करें। विशिष्ट अतिथि डीसीएम अजय पांडेय ने कहा कि हम डाक्टर्स शरीर की चिकित्सा करते हैं। यह जन्म इस एक बात से तय होता है की हम तन मन और भावों से स्वस्थ हैं। कार्यक्रम में सीओइ डॉक्टर सुनील इंटोदिया भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बंसरी रौनक दवे ने मंत्रोच्चाचरण, दीप्ति शाह, सेजल मोदी, भूमि पटेल ने प्रार्थना, निकिता पण्ड्या ने गणेश स्तुति पर आसन की प्रस्तुति दी।

## देवेन्द्र महिला मण्डल ने मनाया सावनोत्सव



उदयपुर 2 अगस्त। श्री जैनाचार्य देवेन्द्र महिला संस्थान की सदस्याओं ने आज मासिक बैठक में सावनोत्सव एवं 15 अगस्त के कार्यक्रम आयोजित किये गये। अध्यक्ष रेखा चोर्डिया ने बताया कि संसथान की सभी सदस्याओं ने लहरिया पहन धार्मिक गीतों पर आधारित अन्त्याक्षरी खेली।

## तीन दिवसीय तेला तप आराधना प्रारम्भ

उदयपुर, 2 अगस्त। श्री हुक्मगच्छीय साधुमार्गी स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान के तत्वावधान में न्यू केशवनगर स्थित नवकार भवन में मंगलवार को महासती पारस कंवर जी म.सा. की निश्रा में सामूहिक तेला तप की आराधना प्रारम्भ हुई। संस्थान महामंत्री डॉ. सुभाष कोठारी ने कहा कि तीन दिवसीय तेला तप आराधना मंगलवार से प्रारम्भ हुई, जिसमें श्रावक-श्राविकाओं ने बढ़कर भाग लेते हुए अपने नाम लिखवाए और महासती श्री पारस कंवर जी म.सा. की निश्रा में तेला तपाराधना प्रारम्भ की।

## सुगन्धित रसों की धारा से हुआ संभवनाथ भगवान का महाअभिषेक



### मंदिर में मानभद्रजी की सुंदर अंगरचना की

उदयपुर, 2 अगस्त। बड़ा बाजार स्थित प्राचीनतम संभनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जैन धर्म के तृतीय तीर्थंकर सम्भवनाथ भगवान के श्रावण शुक्ला चौथ को जिनालय में श्रावक श्राविकाओं द्वारा श्रीजी को 21 प्रकार के विभिन्न सुगंधित रस, द्रव्यों से पंचामृत अभिषेक एवं वृहद शांतिधारा की गई। जैन मंदिर में 7 बजे भक्तामर पाठ विधान किया गया । मूलनायक भगवान संभवनाथ पर सुगन्धित धारा का कलश से शांतिधारा की गई। वहीं वे केसरिया रंग मे रंग गए और भक्तों ने रंगमा रंगमा रगमा रे प्रभु थारा ही रंग मे रंगीगयों ने भक्ति गीत पर नाच उठे। इस अवसर पर पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# जिम्मेदारी लेना आसान है लेकिन निभा बहुत कठिन है : आचार्य कुशाग्रनंदी

### आरती व भक्ति संध्या में उमड़ा जैन समाज

उदयपुर, 2 अगस्त। झीलों की नगरी उदयपुर के पायड़ा स्थित पद्मप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में देवश्रमण आचार्य कुशाग्रनंदी महाराज, मुनि अजयदेव व भट्टारक देवेंद्र विजय, ब्रम्हचारिणी आराधना दीदी व अमृता दीदी संघ के सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज पायड़ा में चातुर्मासिक प्रवचन के साथ नित्य नियम पूजन व जलाभिषेक आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रचार संयोजक संजय गुडलिया, दीपक चिबोडिया ने बताया सैकड़ों बच्चों के साथ श्रावक-श्राविकाएं भाग ले रहे है। शाम को आचार्य संघ की भव्य आरती एवं भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। दौरान आयोजित धर्मसभा में आचार्य कुशाग्रनंदी महाराज कहा कि जिम्मेदारी लेना आसान है लेकिन निभा नहीं पाए तो भविष्य बर्बाद है।



## वनवासी बहनों द्वारा एक राखी सैनिकों के नाम अभियान



उदयपुर, 2 अगस्त। एक राखी सैनिकों के नाम मिशन के अंतर्गत आज वनवासी बहनो द्वारा जूट, रेशम के धागे एवं सागवान की लकड़ी से निर्मित 500 राखियाँ नागालैंड बोर्डर पर सैनिक भाइयों के लिए भिजवाई गई. इससे पहले इतनी ही राखियाँ जम्मू बोर्डर पर सैनिकों के लिए भिजवाई गई थी।इस मौके पर वनवासी कल्याण समिति के कार्यालय में वनवासी बहनो के अर्थिक स्वावलंबन के लिए कार्यरत नम्रता सहकारी समिति की अध्यक्षा श्रीमती राधिका लढा एवं सचिव सरोज बापना, सरला जी, विमला जी, कुसुम जी एवं गणमान्य सदस्यों के अलावा मुख्य अतिथि कर्नल महेश गांधी तथा हेमंत शर्मा उपस्थित थे।

स्वाईन से बचाव एवं उपचार के लिए तुरन्त असरकारक
**जागृति फिवरिन काढा**
स्वाईनफ्लू, डेंगू एवं चिकनगुनिया और उससे उत्पन्न सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, बदन दर्द इत्यादी में लाभप्रद, शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।
**JAGRITI FEVRIN KADA**
**Jyoti Stores**
(A Leading Merchant in Ayarvedic medicines)
**ज्योति स्टोर्स**
Out side Delhi Gate UDAIPUR-313001 (Raj)
अनुभवी चिकित्सा परामर्श भी उपलब्ध, फोन नं. : 2420016 (S)
Email : jagritiherbs@yahoo.co.in. Website : www. jagritiayurved.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक शैलेश व्यास द्वारा जय राजस्थान दैनिक कार्यालय : 126, एबीसी हिरण मगरी सेक्टर-11, चन्द्रदुर्ग उपवन, शाहीबाग के पीछे, उदयपुर 313002 से प्रकाशित नोवा प्रिंटर्स, 5 बागर गली, हाथीपोल से मुद्रित, आरएनआई नम्बर : 23554/72, डाक पंजीयन : RJ/UD/29-45/2021-2023 फोन टेलिफेक्स : ( 0294 ) 2487066, 9928090996 ( मो. 9829044996 सम्पादक शैलेश व्यास )। e mail I.D. : jai.rajasthan@hotmail.com, jai.rajasthan72gmail.com